नज़र | by Twinkle Sharma

मेरी लड़ गई नज़र बिहारी से
क्या लेना दुनिया दारी से
क्या लेना दुनियादारी से
मेरी लड़ गई नज़र ....

या की नज़र बड़ी मतवारी है
कारी कारी कजरारी है
या जादू भरी पिटारी से
क्या लेना दुनियादारी से
मेरी लड़ गई नज़र ....

या की नज़र ने घायल कर डाली
मैं तो हो के डोलू मतवाली
इस तिरछी नैन कटारी से
क्या लेना दुनियादारी से
मेरी लड़ गई नज़र ....

मैं तो बन के बावरी डोल रही
बस राधे राधे बोल रही
मत पूछो दर्द की मारी से
क्या लेना दुनियादारी से
मेरी लड़ गई नज़र ....

रविंदर ने नज़र लड़ाई है
ये हर दम बने सहाई हैं
ये बचाता हर बीमारी से
क्या लेना दुनियादारी से
मेरी लड़ गई नज़र ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0-by-twinkle-sharma/